## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (DWSM) समिति की दिनांक 17.11.2025 को आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 17.11.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आहूत की गयी, जिसमें निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया :–

1. जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, कुशीनगर।
2. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कुशीनगर।
3. अधिशासी अभियन्ता, पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, कुशीनगर।
4. श्री विवेक कुमार कुशवाहा, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कुशीनगर।
5. श्री नीरज कुमार, सहायक अभियन्ता, एस0डब्लू0एस0एम0, कुशीनगर।
6. श्री दीपू यादव, जूनियर इंजीनियर (वि0/या0), एस0डब्लू0एस0एम0, गोरखपुर।
7. श्री रतनपाल सिंह, श्री आदित्य सिंह एवं श्री विशाल त्रिपाठी जू0इं0 एस0डब्लू0एस0एम0, कुशीनगर।
8. श्री चरण सिंह, उप परियोजना प्रबंधक, मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, कुशीनगर।
9. श्री अमय उपाध्याय, इंजीनियर, मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, कुशीनगर।
10. श्री संतोष उपाध्याय, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स, कुशीनगर।
11. श्री देवेश कुमार गुप्त, जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 व उनकी टीम।
12. श्री शिव ज्योति, क्यू0ए0/क्यू0सी0, टी0पी0आई0ए0 व उनकी टीम।

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कुशीनगर में जल जीवन मिशन कार्यकम के फेज–2 व फेज–3 में कुल 453 अदद् ग्रामीण पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिनसे जनपद के कुल 667 अदद् ग्राम पंचायतो के 904 अदद् राजस्व ग्रामों में कुल 334718 अदद् गृह जल संयोजन किया जाना है। उक्त 453 अदद् योजनाओं में कुल 454 अदद् ट्यूबवेल (पम्पिंग प्लान्ट सहित), 454 अदद् पम्प हाउस, 454 अदद् शिरोपरि जलाशय एवं 6448 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाया जाना प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष कुल 454 अदद् ट्यूबवेल (पम्पिंग प्लान्ट सहित), 442 अदद् पम्प हाउस, 224 अदद् शिरोपरि जलाशय एवं 6252 किमी0 वितरण प्रणाली का कार्य हुआ है तथा शेष कार्य प्रगति पर है। तदोपरान्त अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि योजनान्तर्गत मुख्य बिन्दुओं पर ही समीक्षा की जाये, जिसके कम में निम्न मुख्य बिन्दु प्रकाश में आये–

### 01– विद्युत विभाग से सम्बन्धित बिन्दु :–

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 103 अदद् पेयजल योजनाए विद्युत अधारित है जिनमें से अब तक मात्र 23 अदद् योजनाओं पर ही विद्युतिकरण का कार्य पूर्ण हो पाया है, उक्त अवशेष 80 अदद् योजनाओं के विद्युतीकरण का कार्य समय से न हो पाने के कारण जनपद की प्रगति प्रभावित हो रही है तथा जनपद कुशीनगर में जल निगम द्वारा पूर्व निर्मित 24 अदद् योजनाए छोटी–बडी विद्युत खराबी यथा ट्रान्सफार्मर खराब, पोल क्षतिग्रस्त आदि के कारण जलापूर्ति बाधित है। उक्त के कम में अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जिन योजनाओं पर छोटी– छोटी समस्याओं के कारण विद्युत आपूर्ति बहाल नही हो पा रही है उन्हे आगामी 10 दिनों में विद्युत आपूर्ति बहाल कर दिया जायेगा तथा शेष जिन योजनाओं पर अधिकतर कार्य अवशेष है उन समस्त कार्यो को माह दिसम्बर 2025 तक शतप्रतिशत पूर्ण कर लिया जायेगा। जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, कुशीनगर को निर्देशित किया गया कि उपरोक्त कार्यो को शिर्ष प्राथमिकता पर रखते हुये करा लिये जाए जिससे जलापूर्ति बहाल हो सके।

**(कार्यवाही अधीक्षण अभियन्ता, पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, कुशीनगर/समस्त अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, कुशीनगर/अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर)**



Scanned with OKEN Scanner

02— एन0एच0 पी0डब्लू0डी0 से लम्बित अनापत्ति प्रमाण पत्र :—

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कुशीनगर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के फेज—2 व फेज—3 में ग्रामीण पेयजल योजनाओं के वितरण प्रणाली बिछाने हेतु 16 अदद् ग्रामीण पेयजल योजनाओं की अनापत्ति प्रमाण पत्र एन0एच0 पी0डब्लू0डी0 से प्राप्त न होने के कारण 32.866 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाना सम्भव नही हो पा रहा है जबकि उपरोक्त अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु दिनांक 15.07.2024 को ही आवेदन कर दिया गया था। उक्त के कम में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि एन0एच0 पी0डब्लू0डी0 से लगातार समन्वय स्थापित करते हुये उक्त कार्य करा लिये जाये।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/मे0 एन0सी0सी0 लि0 कुशीनगर/एन0एच0 पी0डब्लू0डी0 कुशीनगर)

03— जनपद में ग्रामीण पेयजल योजना से वंछित राजस्व ग्राम :—

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कुशीनगर में 11 अदद् राजस्व ग्राम किन्ही कारणों से ग्रामीण पेयजल योजनाओं से वंछित रह गये है जिसे संतृप्त करने हेतु मुख्यालय स्तर से निर्देश प्राप्त हुआ है कि प्राथमिकता पर उक्त राजस्व ग्रामों में पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु प्राक्कलन तैयार करते हुये जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति से अनुमोदित कराकर मुख्यालय स्तर पर भेज दिया जाय। जिसके कम उक्त छुटे हुये ग्रामों का प्राक्कलन तैयार कर बैठक में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किये गये। DWSM के समक्ष प्रस्तुत किये गये प्राक्कलनों का अनुमोदन करते हुये प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स लिमिटेड कुशीनगर)

04— जनपद में पूर्व निर्मित/निर्माणाधीन ग्रामीण पेयजल योजनाओं की समयवृद्धि :—

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कुशीनगर में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कुल 453 अदद् तथा उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण द्वारा पूर्व निर्मित/निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं को पूर्ण करने तथा पोर्टल पर फिडिंग किये जाने हेतु समस्त योजनाओं के समयवृद्धि की आवश्यकता है जिस हेतु मुख्यालय से निर्देश प्राप्त हुये है कि समस्त योजनाओं के समयवृद्धि के आवेदन हेतु DWSM के माध्यम से प्रेषित किया जाय जिसके कम में उपरोक्त समयवृद्धि के अनुमोदन हेतु पत्रावली प्रस्तुत किया गया। DWSM के समक्ष प्रस्तुत किये गये समयवृद्धि को अनुमोदन हेतु संस्तुति प्रदान की गयी तथा अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर को उपरोक्त समयवृद्धि की पत्रावली राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को भेजे जाने के निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद में चल रहे समस्त कार्यो को निर्धारित समयावधि में तथा निर्धारित मानक के अनुरूप कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

समीक्षा बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुई।

Digitally signed by
ATIF HUSSAIN KHAN
Date: 20-11-2025
15:38:11

(आतिफ हुसैन)
अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
कुशीनगर।

Digitally signed by
VANDITA SRIVASTAVA
Date: 20-11-2025
15:57:20

मुख्य विकास अधिकारी/सदस्य,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
कुशीनगर।

(महेन्द्र सिंह तंवर)
जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
कुशीनगर।

पत्रांक— 3311 / कार्य-18 / 10 दिनांक 26-11-2025

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।

Scanned with OKEN Scanner

2. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर को सादर अवलोकनार्थ।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदया/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
5. जिला विकास अधिकारी/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
6. प्रभागीय वनाधिकारी अथवा उनके द्वारा नामित सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
7. मुख्य चिकित्साधिकारी/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
8. जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
9. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
10. अधिशासी अभियन्ता, सिचाई एवं जल संसाधन विभाग/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
11. अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
12. जिला कृषि अधिकारी/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
13. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
14. अधीक्षण अभियन्ता, पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, कुशीनगर।
15. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कुशीनगर।
16. अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर।
17. समस्त अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कुशीनगर।
18. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0 लिमिटेड, कुशीनगर।
19. परियोजना प्रबन्धक, विन्ध्या टेलीलिक्स लिमिटेड, कुशीनगर।
20. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0ए0 कुशीनगर।
21. जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0 कुशीनगर।
22. समस्त सहायक अभियन्ता/जू0इं0।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
कुशीनगर।

Digitally signed by
Mahender Singh Tawar
Date: 26-11-2025
13:08:29

MS/D:\SRE Of. Wo./Le.23/DM.M.\25

Scanned with OKEN Scanner